# बिहार सरकार
## ऊर्जा विभाग

### अधिसूचना

सं0–प्र02/बि0स्टे0 पावर ट्रांसमिशन कं0 लि0–30/2013– 06 /पटना, दिनांक– 02.06.2026

बिहार राज्य की विद्युत प्रणाली में हो रहे चतुर्दिक विकास एवं विद्युत मांग में उत्तरोत्तर वृद्धि के कारण संचरण प्रणाली के सुदृढ़ीकरण की अति आवश्यकता है। वर्त्तमान में बिहार राज्य अंतर्गत अंतरा–राज्य संचरण प्रणाली (Intra-State Transmission System) का निर्माण का कार्य राज्य सरकार के अनुमोदनोपरांत एवं बिहार विद्युत विनियामक आयोग के स्वीकृत टैरिफ के आलोक में बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कम्पनी लिमिटेड के द्वारा संपन्न किया जाता है।

2. विभागीय संकल्प सं0–01 दिनांक–05.05.2026 द्वारा बिहार राज्य अंतर्गत चिन्हित अंतर–राज्य संचरण प्रणाली के निर्माण एवं विकास के लिए टैरिफ आधारित प्रतिस्पर्धी निविदा के माध्यम से निविदा आमंत्रित कर कार्यों का सम्पादन कराने हेतु मेसर्स आर0ई0सी0 पावर डेवलपमेंट एंड कंसल्टेंसी लिमिटेड को ''बिड प्रोसेस कोऑर्डिनेटर'' के रूप में नामित करते हुए बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कम्पनी लिमिटेड के साथ समझौता ज्ञापन (एम0ओ0यू0) करने एवं विभागीय स्तर पर राज्य सशक्त समिति के गठन की स्वीकृति प्रदान की गयी है।

3. उपरोक्त आलोक में बिहार राज्य के अंतर्गत अंतरा–राज्य संचरण प्रणाली (Intra-State Transmission System) के निर्माण एवं विकास के लिए टैरिफ आधारित प्रतिस्पर्धी निविदा (Tariff Based Competitive Bidding) के माध्यम से कार्यों का चयन एवं अनुमोदन हेतु विभागीय स्तर पर राज्य सशक्त समिति (State Empowered Committee) का गठन निम्नवत किया जाता है:–

| क्र0 सं0 | पदनाम | विभाग | भूमिका |
|---|---|---|---|
| 1. | अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव | ऊर्जा विभाग | अध्यक्ष |
| 2. | प्रबंध निदेशक | बी0एस0पी0टी0सी0एल0 | सदस्य |
| 3. | प्रबंध निदेशक | एन0बी0पी0डी0सी0एल0 | सदस्य |
| 4. | प्रबंध निदेशक | एस0बी0पी0डी0सी0एल0 | सदस्य |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 5. | वित्त विभाग, बिहार सरकार के प्रतिनिधि | वित्त विभाग | सदस्य |
| 6. | केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण/पूर्वी क्षेत्रीय विद्युत परिषद(CEA/ERPC), विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के प्रतिनिधि | विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार | सदस्य |
| 7. | निदेशक (परियोजना) | बी0एस0पी0टी0सी0एल0 | सदस्य |
| 8. | मुख्य अभियन्ता (राज्य भार प्रेषण केन्द्र) | बी0एस0पी0टी0सी0एल0 | सदस्य |
| 9. | मुख्य अभियन्ता (योजना एवं अभियंत्रण) | बी0एस0पी0टी0सी0एल0 | सदस्य–संयोजक |

बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कम्पनी लिमिटेड के द्वारा राज्य के अंतर्गत अंतर–राज्य संचरण प्रणाली के निर्माण एवं विकास के लिए टैरिफ आधारित प्रतिस्पर्धी निविदा के माध्यम से परियोजनाओं को राज्य सशक्त समिति (State Empowered Committee) के समक्ष उपस्थापित करने हेतु अपने स्तर से उप–समिति का गठन करेगी।

बिहार राज्यपाल के आदेश से,

ह0/–

**(अजय यादव),**
सरकार के सचिव।

ज्ञापांकः–प्र02/बि0स्टे0 पावर ट्रांसमिशन कं0 लि0–30/2013–2906/पटना, दिनांकः–02.06.2026

प्रतिलिपिः–उप सचिव प्रेस (ई–गजट कोषांग), वित्त विभाग, बिहार, पटना को बिहार राजपत्र के आगामी अंक के मुद्रण हेतु (सी0डी0 एवं दो हार्ड कॉपी प्रति के साथ) प्रेषित।

2. उनके अनुरोध है कि प्रकाशित गजट की 100 (एक सौ) प्रतियाँ, ऊर्जा विभाग, बिहार, पटना को उपलब्ध कराने की कृपा करें।

सरकार के सचिव।